दिन– शुक्रवार

दिनांक– 31 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।
अवधिः– 15 मिनट

संपादक– डॉ0 सविता पारीक
टंकक– प्रह्लाद कुमार

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **राकेश कुमार सिंह** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. कृतज्ञ राष्ट्र आज लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी एक सौ पचासवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित समारोह में भाग लिया।

02. बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए ने संकल्प पत्र दो हजार पच्चीस के नाम से आज अपना घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में एक करोड़ रोजगार और चिन्हित महिलाओं को करोड़पति उद्यमी बनाने का वादा।

03. विधानसभा चुनाव प्रचार पर मौसम का असर। आज एनडीए और महागठबंधन के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता जनसभाओं को करेंगे संबोधित।

04. और, चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से पटना समेत कई स्थानों पर कल रात से हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, बांका, भागलपुर और दरभंगा समेत नौ जिले में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी एक सौ पचासवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। आज के दिन को **राष्ट्रीय एकता दिवस** के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के एकता नगर में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर आयोजित समारोह में भाग लिया। श्री मोदी ने सरदार पटेल की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की और देशवासियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

———बाईट———

श्री मोदी ने इस अवसर पर गणतंत्र दिवस की तर्ज पर आयोजित भव्य परेड की सलामी ली। इस परेड में बीएसएफ, सीआरपीएफ और विभिन्न राज्य पुलिस की टुकड़ियां शामिल हुई। इसके साथ ही विविधता में एकता की थीम पर आयोजित विभिन्न राज्यों की झांकियां भी परेड का आकर्षण रही। इसके बाद प्रधानमंत्री ने समारोह को संबोधित भी किया।

सरदार पटेल की भारत की स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका थी। वे देश के पहले उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और सूचना प्रसारण मंत्री भी थे। उन्होंने रेडियो के महत्व पर बल दिया था।

———बाईट———

इधर, राजधानी पटना में राष्ट्रीय एकता दिवस पर मुख्य समारोह पटेल चौक के पास स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया जा रहा है। समारोह में गणमान्य लोग सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

————————————————————————

विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए ने आज अपना घोषणा पत्र जारी किया। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा समेत सभी पाँच घटक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने संकल्प पत्र दो हजार पच्चीस के नाम से घोषणा पत्र जारी किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुये कहा कि एनडीए की सरकार बनने पर एक करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा।

———बाईट———

श्री चौधरी ने कहा कि चिन्हित महिला उद्यमियों को करोड़पति बनाया जायेगा। घोषणा पत्र में अति पिछड़ा वर्ग के विभिन्न व्यावसायिक समूहों को दस लाख रूपये की सहायता देने का वादा किया गया है। रोजगार के लिए प्रत्येक जिले में अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट और राज्य में दस नये औद्योगिक पार्क विकसित करने की बात कही गयी है। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने महागठबंधन के घोषणा पत्र को जुमलेबाजी करार दिया है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री जायसवाल ने कहा कि बिहार की जनता फिर से एनडीए की सरकार बनाने जा रही है।

———बाईट———

————————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार पर मौसम के बदलाव का असर देखने को मिल रहा है। पटना और राज्य के अन्य हिस्सों में हो रही लगातार बारिश के कारण चुनाव प्रचार प्रभावित हुआ है। खराब मौसम के कारण कल भी कई दलों के वरिष्ठ नेताओं को अपनी जनसभाओं को स्थगित करना पड़ा। आज एनडीए और महागठबंधन के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता जनसभाओं को संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट...

———बाईट———

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिहार में आज लगातार दूसरे दिन एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री नड्डा आज बक्सर जिले के ब्रह्मपुर और पटना के बिक्रम में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। महा गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव लगातार जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। श्री यादव आज मुंगेर, खगड़िया, बेगूसराय और समस्तीपुर में नौ चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इन विधानसभा क्षेत्रों में पहले चरण में चुनाव होना है। इधर चुनाव प्रचार के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने अपने पत्र में कहा है कि मुजफ्फरपुर और दरभंगा में जनसभाओं के दौरान राहुल गांधी ने कथित तौर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की इसलिए उनके चुनाव प्रचार पर रोक लगाई जानी चाहिए। पार्टी ने कहा है कि राहुल गांधी को बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। पटना जिले के मोकामा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान दो विरोधी दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हुए संघर्ष में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मोकामा क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आज पांच चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। श्री कुमार समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सीवान, वैशाली और भोजपुर में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इधर, सीपीआई, सीपीएम, जन सुराज पार्टी, जनशक्ति जनता दल और बहुजन समाज पार्टी सहित अन्य दलों के नेता भी अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाएं करेंगे।

———————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में तीन करोड़ पचहत्तर लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चरण में अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में कुल एक हजार तीन सौ चौदह प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

निर्वाचन आयोग के अनुसार छह नवम्बर को होने वाले पहले चरण के चुनाव में एक करोड़ अंठानवे लाख से अधिक पुरूष, एक करोड़ छिहत्तर लाख से अधिक महिलाएं और सात सौ अठावन थर्ड जेंडर के वोटर मतदान करेंगे। इस चरण में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा विधानसभा क्षेत्र बांकीपुर और सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र सूर्यगढ़ा है। आयोग के अनुसार मतदाताओं की संख्या के लिहाज से पहले चरण में सबसे छोटा विधानसभा क्षेत्र बरबीघा है। यहां दो लाख इकतीस हजार नौ सौ अंठानवे मतदाता हैं जबकि चार लाख सत्तावन हजार छह सौ सत्तावन मतदाताओं के साथ दीघा सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र है। इस चरण में कुढ़नी और मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक बीस उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। जबकि भोरे, अलौली आर परबत्ता में सबसे कम पांच–पांच अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। समाचार कक्ष से मैं डॉ0 सविता पारीक।

———————————————————

निर्वाचन आयोग आज विधानसभा चुनाव को लेकर तैनात चार सौ से अधिक पर्यवेक्षकों के साथ बैठक करेगा। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से होने वाली इस बैठक की अध्यक्षत मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार करेंगे। बैठक में चुनाव व्यय पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक और सामान्य पर्यवेक्षक शामिल होंगे। इस दौरान पर्यवेक्षकों द्वारा बूथों

पर सुविधाएं सुनिश्चित करने, ईवीएम और वीवीपैट के रेंडमाईजेशन और कमीशनि की शिकायतों समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

————————————————————

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से पिछले दो दिनों से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर बारिश हो रही है। राजधानी पटना समेत कई स्थानों पर कल रात से ही रूक–रूक कर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज अररिया, किशनगंज, मुंगेर, बांका और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर,मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में राज्य के कई हिस्सों में बारिश हुई है। गया के इमामगंज में सबसे अधिक चौहत्तर दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। लगातार हो रही बारिश से प्रदेश के औसत तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। इससे ठंड का एहसास होने लगा है। वहीं, बारिश से धान की फसल को नुकसान हुआ है।

————————————————————

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश भर के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए छिहत्तर सुविधा केंद्र विकसित करने की योजना को मंजूरी दी है। यह निर्णय नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सुविधा केंद्र बनाने की सफलता के बाद लिया गया है। रेल मंत्रालय ने कहा कि देश भर में नियोजित नए सुविधा केंद्र मॉड्यूलर डिज़ाइन का पालन करेंगे और स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बनाए जाएँगे। श्री वैष्णव ने सभी आवास क्षेत्र दो हजार छब्बीस के त्यौहारी सीज़न से पहले ही पूरे किये जाने के निर्देश दिये।

————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि कक्षा तीन से सभी स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार यह पहल जटिल चुनौतियों को हल करने के लिए एआई के नैतिक उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड –सीबीएसई ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल सोच पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर कार्तिक रमन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है।

————————————————————

राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए संसद भवन में आज अपने लीडर को जाने कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए

बिहार समेत देशभर के बत्तीस स्कूली विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इनमें बिहार का प्रतिनिधित्व सुपौल जिले के ललित नारायण लक्ष्मी नारायण प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा विभा परियार करेंगी। कार्यक्रम में विभा के साथ रंजू कुमारी भी शामिल होंगी।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार से जुड़ी अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– बिहार छठ का अपमान नहीं सहेगा। वहीं, अखबार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के बयान पर लिखता है– बिहार को मोदी–शाह चला रहे। प्रभात खबर ने लिखा है– युवा वोटर पचास प्रतिशत पर टिकट पच्चीस प्रतिशत भी नहीं। दैनिक जागरण लिखता है– मोकामा में जन सुराज से जुड़े दुलारचंद यादव की चुनाव प्रचार के दौरान हत्या। दैनिक भास्कर ने महिला एक दिवसीय विश्व कप क्रिकेट की खबर को पहले पन्ने पर स्थान देते हुये लिखा है– मैदान में भारत की आंधी। सात बार की वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत फाईनल में, दो नवम्बर को दक्षिण अफ्रीका से भिरंत। आज और राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– सीबीएसई दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं सत्रह फरवरी से।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. कृतज्ञ राष्ट्र आज लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी एक सौ पचासवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित समारोह में भाग लिया।

02. बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए ने संकल्प पत्र दो हजार पच्चीस के नाम से आज अपना घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में एक करोड़ रोजगार और चिन्हित महिलाओं को करोड़पति उद्यमी बनाने का वादा।

03. विधानसभा चुनाव प्रचार पर मौसम का असर। आज एनडीए और महागठबंधन के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता जनसभाओं को करेंगे संबोधित।

04. और, चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से पटना समेत कई स्थानों पर कल रात से हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, बांका, भागलपुर और दरभंगा समेत नौ जिले में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।